राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302015
(दूरभाष नं0:–0141–2740837,, फैक्सः– 0141–2742309, ई मेलः–jacct.dta@rajasthan.gov.in)

क्रमांकः– एफ.4(ई)(आर–242/2023)/अलेसे–III/2295 दिनांक :– 25/03/26

कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 230/2024–25 दिनांक 11.01.2025 द्वारा सुश्री ऋतु चौधरी, कनिष्ठ लेखाकार **(परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी)** रोल नं.– 735079 बैच 2023 को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति देते हुए कार्यालय कोषाधिकारी खैरथल–तिजारा में पदस्थापन किया गया था। उक्त आदेश की अनुपालना में सुश्री ऋतु चौधरी द्वारा दिनांक 13.01.2025 को मध्यान्ह पूर्व कार्यग्रहण किया गया। वर्तमान में विभागीय आदेश संख्या 340/2025–26 दिनांक 22.04.2025 के द्वारा सुश्री ऋतु चौधरी का पदस्थापन राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर में किया गया है।

सुश्री ऋतु चौधरी ने राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर के पत्र दिनांक 25.03.2026 के माध्यम से इनका चयन राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाए संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2023 में होने पर राजस्थान सहकारिता अधीनस्थ सेवा में नियुक्ति दिये जाने के कारण कार्यमुक्त किये जाने का निवेदन किया है।

अतः सुश्री ऋतु चौधरी, कनिष्ठ लेखाकार (परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी) को उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर वर्तमान धारित कनिष्ठ लेखाकार के पद से कार्यमुक्त किये जाने की एतद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है। सुश्री ऋतु चौधरी अपने वर्तमान कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से नियमानुसार कार्यमुक्त होकर ही राजस्थान सहकारिता, अधीनस्थ सेवा में कार्यग्रहण कर सकेंगी। इनके कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार सीधी भर्ती–2023 में कनिष्ठ लेखाकार पद पर चयनित होने सम्बन्धित समस्त अधिकार समाप्त किये जाते है।

25/3/2026

(संध्या शर्मा)
निदेशक एवं पदेन
सयुंक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.4(ई)(आर–242/2023)/अलेसे–III/2295 दिनांक :– 25/03/26

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर को भेजकर लेख है कि सुश्री ऋतु चौधरी, कनिष्ठ लेखाकार **(परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी)** को कार्यमुक्त कर इस विभाग को सूचित करने का श्रम करावें।
2. कोषाधिकारी, खैरथल–तिजारा।
3. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदया।
4. संयुक्त निदेशक (आई.टी) कम्प्युटर शाखा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. सुश्री ऋतु चौधरी, कनिष्ठ लेखाकार **(परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी)** रोल नं.– 735079 बैच 2023 कार्यालय राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर ।
6. पदस्थापन सीट/निजी/रक्षित पत्रावली।

(सीमा कौशल)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II/III)

D:\UPASNA JI\RESIGNATION LETTER.DOCX:- 5